0117CH19

19. चार चने

पैसा पास होता तो चार चने लाते,
चार में से एक चना तोते को खिलाते।
तोते को खिलाते तो टाँय-टाँय गाता,
टाँय-टाँय गाता तो बड़ा मज़ा आता।



पैसा पास होता तो चार चने लाते,
चार में से एक चना घोड़े को खिलाते।
घोड़े को खिलाते तो पीठ पर बिठाता,
पीठ पर बिठाता तो बड़ा मज़ा आता।

© NCERT not to be republished

पैसा पास होता तो चार चने लाते,
चार में से एक चना चूहे को खिलाते।
चूहे को खिलाते तो दाँत टूट जाता,
दाँत टूट जाता तो बड़ा मज़ा आता।

चार चने होते तो

चार चने देकर इनसे क्या-क्या करवाया जा सकता है?

माली – ....

हलवाई – ....

दीदी – ....

दोस्त – ....

किसने खाया?

चार चने में से

एक चना .... को खिलाया।

दूसरा चना .... ।

तीसरा चना .... ।

एक चना बच गया, उसे किसे खिलाओगे?

....

....

© NCERT not to be republished